किसान, युवा, महिला के साथ... पृष्ठ 2 | आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

रविवार, 02 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 110, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559




# 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं

## मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत दी है। हर महीने 1 लाख रुपये कमाने वाले को भी टैक्स नहीं चुकाना होगा। 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।बता दें कि केंद्रीय वित मंत्री ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में टैक्स, किसान, महिला, एमएसएमई और शिक्षा के क्षेत्र के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट की बड़ी घोषणाओं पर नजर डालते हैं। बजट में केंद्र सरकार ने बड़ा ऐलान किया है कि 12 लाख तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए स्लैब और दरों में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया। बजट के अनुसार, हर महीने 1 लाख रुपये कमाने वाले को भी अब टैक्स नहीं चुकाना होगा। 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।**

**नई दिल्ली।** वहीं अब पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एक साथ फाइल कर सकेंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीसी की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर अब 1 लाख कर दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब 12 लाख की सालाना कमाई पर कोई भी टैक्स देने की आवश्यकता नहीं है। यह बदलाव न्यू टैक्स व्यवस्था के तहत किया गया है। इससे पहले 7 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होता था। स्टैंडर्ड डिडक्शन को 75,000 रुपये ही रखा गया है। इसके साथ ही नए इनकम टैक्स बिल का ऐलान भी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया। उन्होंने कहा न्यू इनकम टैक्स बिल अगले हफ्ते लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंश्योरेंस सेक्टर के लिए एफडीआई की सीमा बढ़ाने जा रहे हैं। सरकार ने 7 टैरिफ रेट को




हटाने का फैसला किया है। 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे। सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव दिया गया है।

सरकार अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाने जा रही है, जिससे टैक्स सिस्टम को और आसान और पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके साथ ही कैंसर मरीजों के लिए भी बड़ा ऐलान किया गया। निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि 36 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से ड्यूटी टैक्स खत्म कर दिया जाएगा। सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। कैंसर के इलाज की दवाएं सस्ती होंगी। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5त्न कर दी जाएगी। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाएगी। किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 7.7 करोड़ किसानों को अल्पकालिक लोन की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा। किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना भी लाई जाएगी।

### सभी वर्गों के सपनों को पूरा करने वाला बजट : सीएम साय



**रायपुर ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम बजट पेश किया। जिसमें उन्होंने आम लोगों को ऐतिहासिक छूट दी है। केंद्रीय बजट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, यह सभी वर्गों के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि टैक्स में छूट से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ेगी और मध्यम वर्ग को लाभ होगा। किसानों का भी बजट में खास ध्यान रखा गया है और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई है।

### ये होगा सस्ता

**मोबाइल फोन:** सरकार ने मोबाइल फोन के आयात शुल्क को कम करने का प्रस्ताव रखा है, जिससे स्मार्टफोन की कीमतों में कमी आने की संभावना है। यह कदम देश में डिजिटल इंडिया अभियान को और मजबूत करेगा।

**चमड़ा उत्पाद:** चमड़े और इससे बने उत्पादों पर टैक्स में कमी की गई है। इससे फुटवियर और अन्य चमड़े की वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं।

**बैटरी वाली कारें (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स):** सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए इन पर टैक्स में राहत दी है। इससे ईवी कारों और स्कूटर्स की कीमतों में कमी आएगी और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा।

**मेडिकल उपकरण:** सरकार ने जीवन रक्षक मेडिकल उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी कम करने का फैसला किया है। इससे हार्ट स्टेंट, डायलिसिस मशीन और अन्य चिकित्सा उपकरण सस्ते हो जाएंगे।

**जीवन रक्षक दवाइयां:** बजट 2025 में सरकार ने कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से संबंधित दवाओं पर टैक्स में छूट देने का प्रस्ताव रखा है। इससे मरीजों को राहत मिलेगी और इलाज सस्ता होगा।

भारत में बने कपड़े: सरकार ने घरेलू वस्त्र उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स में छूट दी है, जिससे भारतीय निर्मित कपड़े सस्ते होंगे।

### ये होगा महंगा

हालांकि, सरकार ने कई वस्तुओं को सस्ता किया है, लेकिन कुछ उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने की घोषणा की गई है। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन संभावना है कि इन वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है:

1. **लग्जरी सामान:** महंगे विदेशी ब्रांडेड उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाया जा सकता है।
2. **तंबाकू और सिगरेट:** सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई जा सकती है, जिससे इनकी कीमतें बढ़ेंगी।
3. **पेट्रोल और डीजल:** सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ाने की संभावना है, जिससे ईंधन की कीमतों में वृद्धि हो सकती है।
4. **इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स:** कुछ हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों जैसे लैपटॉप और स्मार्टवॉच पर टैक्स बढ़ाया जा सकता है।

**कैसा रहेगा बजट 2025 का असर:** बजट 2025 आम आदमी और व्यापारियों दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। जहां एक ओर डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में कटौती की गई है, वहीं कुछ गैर-जरूरी वस्तुओं पर कर बढ़ाया गया है। इससे सरकार को राजस्व प्राप्त होगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बजट 2025 में सरकार ने संतुलन बनाने की कोशिश की है। जहां आम जनता को राहत देने के लिए कई वस्तुओं को सस्ता किया गया है, वहीं कुछ वस्तुओं पर टैक्स बढ़ाकर राजस्व बढ़ाने की रणनीति अपनाई गई है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इन बदलावों का बाजार और आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# जन जन से मिल रहा अपार स्नेह ही कांग्रेस की जीत का आधार बनेगा - निखिल

## स्वास्थ्य चिकित्सा , फ्री वाईफाई जोन ओर सीसीटीवी पर करेंगे फोकस





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने व् जनता की सेवा के लिए हर वार्ड में कांग्रेस को जिताने के लिए कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी का सतत जनसम्पर्क जारी है शनिवार को वार्ड नंबर 47 मोहारा वार्ड, वार्ड नंबर 20 पेंड्री, वार्ड नंबर 21 रेवाडीह में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशीयो और कांग्रेस के साथियों के साथ जनसंपर्क कर जानता का आशीर्वाद मांगा , जनसम्पर्क के दौरान निखिल ने कहा कि हम सब मिलकर ही के बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे और आप सभी के अटूट विश्वास, समर्थन और आशीर्वाद की बदौलत ही निगम में इस बार प्रचंड बहुमत के साथ हम जीत दर्ज करेंगे निखिल ने कहा कि रेवाडीह और पेण्ड्री के लोग लगातार सड़क पर खुले हुए शराब दूकान के लिए आंदोलनरत हैं जिसे जल्द ही हटाने के क्षेत्र में काम किया जाएगा । निखिल ने कहा कि यह चुनाव धनबल और जनबल का है । जहाँ एक ओर सत्ता सरकार में काबिज भाजपा पैसे के दम पर जीत हासिल करना चाहती है वहीँ आपका बेटा , आपका भाई आप सभी के प्रेम , स्नेह ओर सहयोग की बदौलत चुनाव में उतरा है ओर आपक सबके सहयोग से ही हम जीत हासिल करेंगे । निखिल ने वार्ड विकास की बात करते हुए कहा कि आज तक ज्यादातर महापौरों ने आउटर के वार्डों को तकनीक से जोड़ने का काम नहीं किया लेकिन यदि इस बार मुझे मौक़ा मिलता है तो वार्ड की छात्र छात्राओं के लिए फ्री वाईफाई जोन का निर्माण किया जाएगा ताकि बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई में दिक्क्तों का सामना ना करना पड़े । निखिल ने कहा कि हर वार्ड में निगम की ओर से सीसीटीवी की व्यवस्था भी करने की योजना हमने बनाई है जिससे कि अपराधों में कमी लाइ जा सके । निखिल ने कहा कि शहर का विकास ही कांग्रेस की पहली प्राथमिकता रही है ओर हम सब मिलकर शहर के विकास को आगे बढ़ाएंगे इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा , विनय झा पार्षद प्रत्याशी अवधेश झा ,पार्षद प्रत्याशी राजेंद्र कुमार नेताम ,पार्षद प्रत्याशी डोमेश्वरी मानिक राम कोमरे अमित चंद्रवंशी,चेतन भानुशाली ,मेहुल मारू , रोशनी सिन्हा ,राजिक सोलंकी, चेतन सिन्हा,विप्लव शर्मा ,राहुल देवांगन,गामेन्द्र नेताम,इशाक खान ,दिगंत अवस्थी,डाक्टर कुमार , रीना पटेल, केशव पटेल,संदीप जयसवाल,शैलेश रामटेके ,जितेंद्र कौशिक,उमेश राजपूत, सोनू राजपूत,थनेश श्रीवास, छन्नू यादव,राजा यादव ठाकुर राम साहू ,ललित यादव,प्रवेश लहरे,मोहन खरे, गोपी टंडन, कमल दास लहरे, भगत राम लहरे,उज्ज्वल निर्मलकर,प्रकाश यादव,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# करियाटोला में अवैध कब्जे पर प्रशासन का बुलडोजर

## शासकीय जमीन पर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई से हड़कंप मचा



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड करिया टोला में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर खरीद फरोख्त की शिकायत व मीडिया में खबर के बाद प्रशासन ने वार्ड 9 में राजस्व विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार व हल्का पटवारी ने बुलडोजर से अवैध ईट व पत्थर को नेस्तनाबूत कर दिया है। उक्त कार्रवाई से शासकीय जमीन में अवैध रूप से खरीद फरोख्त करने वाले नागरिकों में हड़कंप मच गया है। नगर के मटियावार्ड एवं करियाटोला वार्ड में लंबे समय से सरकारी घास भूमि पर अतिक्रमण कर ईट व पत्थर डंप कर अवैध कब्जे का दौर चल रहा है। नगर के किसी टाइल्स व्यापारी द्वारा अवैध जमीन खरीदकर बगैर भवन अनुज्ञा के मकान व भवन निर्माण की नगर में चहुंओर चर्चा हो रही है। उपरोक्त बातें मीडिया में आने के बाद तहसीलदार एवं पीएल नाग व हल्का पटवारी वीरेंद्र साहू ने रेत ईट व पत्थर को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई दरम्यान किसी भी नागरिक के सामने नही आने से राजस्व अधिकारियों द्वारा कुछ अवैध डंप मटेरियल को अन्यत्र भेजे जाने की खबर है। यहां पर कुछ लोग शासकीय जमीन को बड़ी राशी में खरीदी बिक्री कर चुके है जिनकी शिकायत स्थानीय एस डी एम और तहसीलदार को दिया गया था शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण किया और शासकीय जमीन में अतिक्रमणकारियों द्वारा बिना अनुमति के मकान बनाने की तैयारी में थे अवैध कब्जा करने वालों ने रेत मुरम मिट्टी ईट रखकर नींव खुदाई शुरू हो गया था जिसे मौके में पहुंच कर राजस्व विभाग द्वारा सभी रेत ईट पत्थर को जप्त कर कार्यवाही किया गया इस कार्यवाही के बाद अतिक्रमण कारियो में हड़कंप मचा हुआ है इनके अलावा नगर के अन्य स्थानों में भी कार्यवाही जारी रहेगी,



nandgaon times feb-02-5.qxd 2/1/2025 11:34 PM Page 2



# किसान, युवा, महिला के साथ मध्यम एवं श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए यह बजट

## मध्यम वर्गीय के लिए स्वर्णिम अवसर - खूबचंद पारख

भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने आज पेश हुए बजट पर कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके साथ ही पहली बार केंद्र सरकार द्वारा इस बजट में मध्यम वर्गीय परिवार को योजनाओं का लाभ दिया गया है, अभी तक लोग कहा करते थे कि बजट से बड़े लोगों को एवं छोटे लोगों को फायदा मिलता है परंतु मध्यम वर्गीय के लिए कुछ नहीं रहता , परंतु मोदी सरकार ने इस बजट में पूरा ध्यान माध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रखा है, उनके लिए यह बजट संजीवनी साबित होगा।



## किसान, युवा, महिला के साथ मध्यम एवं श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक - अभिषेक सिंह

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का को पूरा करेगा। श्री सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ में प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे कार्यों में तेजी आएगी । सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट के माध्यम से किसानों के लिए बहुत सकारात्मक कार्य किए हैं, आज छत्तीसगढ़ धान के समर्थन मूल्य के अलावा देशभर के किसानों को उनके फसलों का वाजिब दाम और उनकी आय बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है.। अभिषेक सिंह ने कहा कि इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है।



## किसानों के लिए वरदान साबित होगा बजट - कोमल सिंह राजपूत

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।



## आधारभूत संरचना एवं छत्तीसगढ़ के लिए प्रावधान संतोष अग्रवाल



जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है।

## स्वास्थ्य संबंधी निर्णय स्वागतयोग्य - सुरेश डुलानी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में नया इनकम टैक्स बिल लाने पर लोगों को पुराने कानून से मुक्ति मिलेगी, साथ ही शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना भी सरकार की है एक लाख अधूरे घर भी पूरे होंगे और 2025 में 40 हजार में मकान हैंडोवर किए जाएंगे हर घर नल से जल पहुंचने का जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ गया है, जिससे जनता को स्वच्छ जल पीने को मिलेगा।सुरेश जी ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी राहत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, साथ ही कैंसर के लिए 200 केयर यूनिट भी बनाई जाएंगी। ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

## व्यापार उद्योग एवं रोजगार के लिए उपयुक्त बजट - चंदन रूचंदानी

व्यापार जगत से जुड़े चेंबर ऑफ कॉमर्स के चंदन रूचंदानी ने देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। एमएसएमई की लोन सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपए करने का निर्णय, स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देने एवं अब मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का अभियान भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा। 22 लाख श्रमिकों के लिए लेदर स्कीम, एक करोड़ वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और भारत को खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने का निर्णय देश के युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करने जा रहा है।

## यह बजट भारत देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में कारगर होगा - सांसद संतोष पाण्डेय

### श्रेष्ठ भारत के निर्माण का ब्लूप्रिंट है यह बजट - संतोष पाण्डेय

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने बजट को श्रेष्ठ भारत के निर्माण एवं वैश्विक पटल पर भारत देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने हेतु रोड मैप बताया है. एक ओर केसीसी लोन की सीमा में वृद्धि कर किसानों को सेठ साहुकारो के चंलुग से मुक्ति दिलाई गयी है तो दूसरी ओर आयकर में छुट प्रदान मध्यम वर्ग के हितो का ध्यान रखा गया है. सरकारी अस्पतालों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज हेतु बजट में



प्रावधान एवं किसानो के लिए नयी योजना पीएम धन-धान्य योजना की घोषणा की गई है. सांसद पाण्डेय ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की सोच होती थी कि बजट से सरकार का खजाना कैसे भरेगा लेकिन मोदी जी ने इसका उल्टा करते हुए देश के नागरिको की आय में कैसे वृद्धि होगी उनकी बचत कैसे बढ़ेगी इस हेतु नीव रखा है. किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, बच्चो की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप, नवाचार और निवेश हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी आत्म निर्भर भारत का रोड मैप है.

## युवा उद्यमियों सहित महिलाओं व मिडिल क्लास को बंपर सौगात देने वाला बजट- राजेश गुप्ता अग्रहरि

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण जी ने संसद में प्रस्तुत किए गए बजट को युवा उद्यमियों सहित महिलाओं और नौकरी पेशा तथा मीडिल क्लास लोगों को बंपर सौगात देने वाला बजट बताते हुए जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि यह बजट विकसित भारत को एक और नई दिशा देने वाला बजट है। इसमें कृषि के क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जाने तथा किसानों के क्रेडिटऔउ कार्ड की लिमिट बढ़ा कर 3 लाख से 5 लाख कर दिए जाने से 7 करोड़ से ज्यादा किसानों को आसान लोन मिलेगा वहीं मध्यम वर्गीय व नौकरी पेशा



लोगों की 12 लाख की कमाई पर टेक्स नहीं देने की सौगात देकर इन वर्गों को विश्वसनीय राहत दी है। इसीतरह मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ाई जाने व हास्पीटल के क्षेत्र मे रोजगार के अवसरे पैदा करने सहित नवाचार के लिए 20 हजार करोड़ की सुविधा करना , जल जीवन मिशन को घर- घर तक पहुंचाने का उद्देश्य हर वर्ग को लोगों को राहत प्रदान करने वाला बजट है। इसके अलावा राज्यों को जीडीपी में 0; 5 प्रतिशत अतिरिक्त उधारी की अनुमति प्रदान कर देश के राज्यों के प्रगति उन्नति पर भी ध्यान दिया गया है। जो कुल मिलाकर देखा जाए तो यह बजट संतुलित व सभी वर्गों के लिए सौगात देने वाला बजट है।

## मध्यम वर्ग एवं युवाओं का है बजट- गंगवानी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने शनिवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025 -26 के लिए बजट पेश किया । इस पर छत्तीसगढ़ यूथ फॉर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश गंगवानी के प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहां कि यह बजट मध्यम वर्ग एवं युवाओं का बजट है इस बजट में ?1200000 तक कोई भी टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया है बजट में इनकम टैक्स फाइल करने की सीमा को 2 साल से बढ़कर 4 साल किया गया. नई योजना धन-धान्य किसान योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड लिमिट को ?500000 तक के बढ़ाया गया बजट में सीनियर सिटीजन के लिए टीडीएस की सीमा 50000 से बढ़कर 1 लाख की गई है जो की वृद्ध जनों के लिए अत्यंत थी लाभकारी होगा इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई की सीमा को 75त्न से बढ़कर100त्न किया गया है जिससे विदेशी निवेश अधिक से अधिक आएगा प्रत्येक जिले में कैंसर सेंटर



## महिलाएं, युवा, कृषि व ग्रामीणों सहित उद्यमियों को बढ़ावा देने वाले जनहित कारी बजट - आलोक बिंदल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए जनहितकारी बजट को जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल ने कहा कि यह बजट देश की महिलाओ? सहित युवाओं व कृषि के अलावा ग्रामीण क्षेत्र तथा युवा उद्यमियों के लिए प्रगति के द्वार खोलने वाला है। इसमें वित्त मंत्री जी ने फूट वियर क्षेत्र में रोजगार के सेक्टर व भारत को खिलौनो का बाजार के लिए बढ़ावा देकर रोजगार के लिए अवसर खोल दिया है। वहीं पारंपरिक सूती उद्योग, डेयरी पालन , मछली पालन के लिए लाखों का कर्ज की व्यवस्था कर ग्रामीण क्षेत्र के युवा उद्यमियों के लिए उन्नति/ प्रगति के द्वार खोल दिए हैं। इसी तरह हास्पीटलाइट के क्षेत्र व मेडिकल कालेज के लिए 10 हजार सीटें बढ़ाईं जाने से रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।



**विकसित भारत बनाने वाला बजट**- भाजपा के युवा नेता श्री बिंदल ने बजट में विकसित भारत को गरीबी से मुक्ति दिलाने सबसे ज्यादा रोजगार, व स्वास्थ्य सहित शिक्षा पर भी ध्यान दिया गया है। सौ प्रतिशत अच्छी शिक्षा, गांव के स्कूल को इंटरनेट से जोड़ने, डिजिटल पुस्तके व ग्रामीणो सहित शहरी गरीबों की आय बढ़ाने की नई योजना और सोलर प्रोडक्ट बढ़ाने पर जोर सहित राज्यों के साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ाना,एक करोड़ गिग वर्करों की सामाजिक सुरक्षा व नवाचार के लिए 20 हजार करोड़ के प्रावधान देश को प्रगति के शिखर पर ले जाने वाला है। श्री बिंदल? ने कहा कि मध्यम वर्गीय व नौकरी पेशा लोगों के लिए 12 लाख तक इंकमटैक्स में छूट प्रत्यक्ष?कर निर्धारित नया इनकम टैक्स बिल की सुविधा देकर देश के नागरिक के जेब कैसे भरेंगे इसकी व्यवस्था की गई है तथा एक आई हाईटेक के लिए 500 करोड़ का प्रावधान कर सभी क्षेत्रों के लिए बूम करने वाला बजट बनाया गया है जो देश को विकसित भारत बनाने की राह में ले जाने वाला है।

## युगांतर में प्री प्राइमरी के बच्चों ने बसंत पंचमी मनाई







**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी मनाई। नन्हें विद्यार्थियों ने हृदय स्पर्शी भजन प्रस्तुत कर खूब तालियाँ बटोरी। विद्यार्थियों ने अपनी पुस्तक-कापी की पूजा की ।

संस्था के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे वे ज्ञान की देवी माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। आगे उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्री प्राइमरी की कार्यक्रम प्रभारी सेजल शर्मा ,मुस्कान साधवानी,अदिति चौरडिया, कनीज फातिमा, रश्मि वैष्णव , ऋचा मेहरा,अंबिका उपाध्याय,रजनी साथीसन के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हुआ। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी,सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है। मंच को सजाने में कला विभाग तथा कार्यक्रम को संगीतबद्ध करने में संगीत विभाग ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## केन्द्रीय बजट से मध्यम वर्ग भारत देश के विकास को शक्ति प्रदान करेगा - नीलू शर्मा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा ने प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकर ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है और योगदान को अतुलनीय माना है जिस हेतु सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है।आयकर में 2014 के ठीक बाद, 'शून्य कर' स्लैब को बढ़ाकर 2.5 लाख कर दिया गया था जो कि 2025 में नईव्यवस्था के तहत 12 लाख तक छुट की सीमा को बढाया गया है जिससे आम आदमी की बचत में वृद्धि के साथ ही उनके क्रय करने की क्षमता में भी वृद्धि होगी जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगा। बजट में किसानो हेतु केसीसी लोन की सीमा को बढ़ाना, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना एवं दलहन फसलो पर की गयी घोषणा से यह सिद्ध होता है बजट में सर्व सम्भाव का विशेष ध्यान रखा गया है। रोगियों, विशेषकर कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने 36 जीवनरक्षक औषधियों को मूल सीमा शुल्क से पूर्ण छूट वाली औषधियों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है जो की स्वागत योग्य है। बजट में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की महिलाओ हेतु नए उद्यमों की स्थापना पर नयी योजना बनाये जाने से लेकर बच्चो की खिलौना उत्पादन से जुडी ईकाईयो हेतु प्रावधान किया है जो कि बजट को समावेशी बनाता है। प्रस्तुत बजट पर नीलू शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद प्रेषित किया है ।



## आम बजट ज्ञान पर केन्द्रित : अशोक लोहिया

भारतीय जनता पार्टी के सीनियर मीडिया प्रभारी अशोक लोहिया ने आम बजट पर खुशी जाहिर करते हुये कहा कि यह बजट ज्ञान पर केन्द्रित कर सभी वर्ग के लिये सर्व-सुलभ बनाया गया है, बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि त्र से तात्पर्य गरीब, ङ्ख से तात्पर्य युवा,, से तात्पर्य अन्नदाता एवं ह्व से तात्पर्य नारी के लिये समर्पित है। श्री लोहिया ने कहा कि बजट में एलईडी एवं एलसीडी टीवी सस्ती होंगी, शहरी क्षेत्रों के गरीबों के आय बढ़ाने के लिये कारगार कदम उठाये जायेंगे, एक लाख अधूरे घर पूरे किये जायेंगे, 2025 में चालीस हजार नये मकानों को हैंडओवर किया जायेगा। हर घर नल-जल योजना, जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के लिये विशेष लोन योजना लायी जायेगी। पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को 2 करोड़ तक टर्म लोन मिलेगा। 36 जीवन रक्षक दवायें पूरी तरह टैक्स फ्री होगी, देश में 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनेंगे, मेडिकल उपकरण एवं कैंसर की दवायें सस्ती होगी, पीएम धन-धान्य कृषि योजना से 100 जिलों को फायदा मिलेगा, डेयरी एवं मछली पालन के लिये 5 लाख तक लोन की सुविधा होगी। स्टार्टअप के लिये 10 हजार करोड़ रूपये का फंड बनेगा, मेडिकल कॉलेज में 10 हजार सीटें बढ़ाई जायेगी।



## मंहगाई बढ़ाने वाला बजट, जीएसटी खौफसे राहत का कोई प्रयास नहीं : आफताब अहमद

केंद्रीय बजट कुल मिलाकर लोक लुभावन शब्दों का ढेर है। इस बजट से लोगों की सुविधाएं कम होती जाएगी। लोगों को हर सुविधा के लिए पैसे खर्चे करने पड़ेंगे। टैक्स सीमा को 12 लाख रूपये के बजाए 15 लाख रपये करना था। नये आईआईटी 5 के बजाए ज्यादा खोले जाने चाहिए। मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में जाने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेडिकल कालेजों में 1 लाख नई सीटें बढ़ानी चाहिए। अल्प संख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता आफताब अहमद ने केंद्रीय बजट को छोटे व्यापारियों के हिसाब से नाकाफी बताते हुए कहा कि जीएसटी के आतंक से छोटे-बड़े सब व्यापारी त्रस्त हैं। व्यापारी बड़ी आस भरी निगाहों से केंद्रीय वित्त मंत्री की ओर देख रहे थे कि जीएसटी के आतंक से कुछ राहत मिलेगी, पर ऐसा नहीं हो रहा है। इस बजट से मंहगाई बढ़ेगी और गरीब तबका परेशानी से और जुझेगा। आफताब अहमद ने कहा कि केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को केवल निराशा हाथ लगी है।



## रोजगार की नई संभावनाओं को जन्म देगा यह बजट - भरत वर्मा

राजनांदगांव प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत को विकसित भारत बनाने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे। देश की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। देश के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान है। यह भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है। बजट भारत में निवेश की संभावनाओं को प्रबल करेगा और भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ की संभावनाओं को बल देगा।



# डॉ शबनम खान एवं शंकर सिंह को दिग्विजय महाविद्यालय परिवार ने दी बिदाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में कार्यरत वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पदोन्नत प्राचार्य डॉ शबनम खान (गणित) एवं श्री शंकर सिंह (भृत्य) के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के प्रारंभ में सर्वप्रथम संस्था की प्राचार्या डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने पुष्प कगुच्छ देकर डॉ. शबनम खान मैडम एवं श्री शंकर सिंह ठाकुर का स्वागत किया। मंच का संचालन करते हुए डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ने डॉक्टर खान के साथ अपने लंबे अनुभव का साझा करते हुए बताया कि वे सरल और सहज स्वभाव के लिए जानी जाती है। उन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष इस महाविद्यालय को दिया और गणित के क्षेत्र में उन्होंने शोध कार्य में भी बेहतर कार्य किया। उन्होंने स्वशासी परीक्षा नियंत्रक के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय को उनकी कमी हमेशा खलेगी । श्री शंकर सिंह



ठाकुर जी ने भी अपने कार्यकाल का अधिकांश समय दिग्विजय महाविद्यालय में बिताया एवं उन्होंने भी अपने कर्तव्यपरायणता से महाविद्यालय में एक अलग छाप छोड़ी है। तत्पश्चात गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. के के देवांगन जी ने डॉक्टर खान के साथ अपने अनुभव को साझा किया। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ. खान जैसे अनुभवी प्राध्यापकों का जाना महाविद्यालय के लिए एक अपूरणीय क्षति है। हम सौभाग्यशाली थे कि हमें उनके अनुभव का लाभ मिला। उक्त विदाई समारोह में डॉ. शबनम खान एवं श्री शंकर ठाकुर के परिवार के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। समारोह के अंत में महाविद्यालय परिवार की तरफ से डॉ. खान एवं श्री शंकर सिंह ठाकुर को स्मृति चिन्ह एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया।

**शुभांक**

1-2-7

270-9 167-4

# आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देश पत्र जमा किया और 8 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया




**राजनांदगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया तथा 8 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 48 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है तथा कुल 71 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए दीपक बाई चन्द्रकाम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए राम कुमारी देवांगन, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए शीला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए संजय कुमार यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए अंगेश्वर कुमार देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए संतोष कुमार देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए मधुकर बंजारे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए इन्दूमती साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए महेन्द्र कुमार यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए निर्मला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए होमदत वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-राका के लिए प्रशांत कोडापे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10-बोरतलाब के लिए रामछतरी बाई चन्द्रवंशी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए डॉ. प्रकाश शर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए गिरधारी धनेश, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए राजकुमारी सिन्हा ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आज 8 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इसके अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए ओमप्रकाश साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4-सिंघोला के लिए गीता साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए इन्दूमति साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8-बेलगांव के लिए सिंधु टांडिया, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनीचारभाठा के लिए ईगलाबाई कतलाम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए लेखराम चंन्द्रवंशी, कौलेश्वर साहू, आजेनदास बंजारे ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय क्षेत्र में स्थित दो ज्वालामुखी द्वीप का नाम क्या है?*

*2) सारण सिंचाई नहर किस नदी से निकलती है?*

*3) वर्तमान में भारत के किस स्थान को सफेद पानी के नाम से जाना जाता है?*

*4) आमतौर पर पेटेंट की अवधि कितनी होती है?*

*5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेना स्पेक्टाबिलिस क्या है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) बैरन एवं नारकोण्डम (2) गंडक (3) सियाचिन (4) 20 वर्ष (5) अत्यधिक आक्रामक वृक्ष

## किसानो को उचित कीमत पर यूरिया खाद उपलब्ध कराये सरकार : पाठक



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आम आदमी पार्टी के सदस्य एवं अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक ने राज्य सरकार से उचित कीमत पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने की माँग की हैं वर्तमान में सेवा सहकारी सोसाइटीयों में यूरिया 266.67 रूपये में दिया जा रहा हैं वहीं खुले बाजार दुकानों में यूरिया 400 रूपये में बेचा जा रहा हैं इस प्रकार से कुल 133 रूपये प्रति बोरी का अंतर हैं इस प्रकार से किसानो से यूरिया के नाम पर लूट का कार्य प्राइवेट दुकानदार कर रहे हैं तथा कृषि विभाग के अधिकारी का ध्यान अपेक्षित है आप पार्टी के नेता पाठक के द्वारा राज्य सरकार से माँग की हैं कि सरकार किसानो को यूरिया खाद प्राइवेट दुकानों में भी सहकारी सोसाइटी की दर पर किसानो को यूरिया उपलब्द कराये तथा वर्तमान में ज़ो उँची दर पर यूरिया बेच कर किसानो को लूटने का कार्य किया जा रहा उस पर कड़ाई से रोक लगाकर कार्यवाही की मांग की गई है।

## पवन ठाकुर 18 पौवा देशी शराब के साथ पकड़ाया



**डोंगरगांव।** नगर में अवैध शराब के खिलाफ एक पुलिस अभियान मे आरोपी पवन ठाकुर अटल आवास कालेज रोड, डोंगरगांव के पास अवैध शराब की बिक्री करते हुए 18 पौवा देशी शराब जप्त की गई है थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास ने बताया है आरोपी पवन ठाकुर पिता रमेश ठाकुर अटल आवास , कालेज रोड के पास देशी शराब के साथ गिर0 कर आरोपी के खिलाफ धारा - 34(1)(ख) आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया हैं ।

## कलेक्टर संजय अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के हाथों खुमेश साहू,भागवत वर्मा व उनकी पुरी टीम हुए सम्मानित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले खुमेश साहू,भागवत वर्मा व उनकी पुरी टीम को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जी एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग जी द्वारा किया गया सम्मानित । यह सम्मान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में सम्मिलित होकर विभिन्न माध्यमों से यातायात के नियमों के प्रति लोगों को नुक्कड नाटक,सभा, रैली, रंगोली, पोस्टर, भाषण जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से जागरूक करने में विशेष सहयोग व योगदान प्रदान कर समाज के प्रति अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु प्रदान किया गया। यह जानकारी रूपेंद्र साहू ने दी।

## भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में बास्केटबॉल व हॉकी खेल में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल 04 एवं 05 फरवरी को




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय खेल प्राधिकरण मध्य क्षेत्रीय केन्द्रीय केन्द्र, भोपाल के अंतर्गत संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 12 से 18 वर्ष के हॉकी (बालिका) एवं बास्केटबॉल (बालिका व बालक) खिलाड़ियो को आवासीययोजना में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल दिनांक 04 एवं 05 फरवरी 2025 को दिग्विजय स्टेडियम एवं अतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेड़ियम राजनांदगांव (छ.ग.) में आयोजित की जा रही है। नई दिल्ली से प्राप्त नये दिशा निर्देश के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ी ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगें। चयनीत किये गये खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण की आवासीय योजना में शामिल कर उच्चस्तरीय आधुनिक सुविधा प्रदान की जावेगी, ताकि निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। यह चयन ट्रायल हॉकी (बालिका) व एवं बास्केटबॉल (बालिका व बालक) आवासीय योजना आयोजित है। आवासीय योजना में 12 से 18 वर्ष के बालक बालिका भाग ले सकते है। आवासीय योजना में प्रवेश हेतु टीम इवेंट के लिए निर्देश:- प्रवेश की आयु वर्ग 12 से 18 वर्ष होगी, तथा उन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक /राष्ट्रीय शिविर/शक्तिशाली प्रतिभा होगी। इस चयन में वे खिलाड़ी भाग ले सकते है जिन्होने राष्ट्रीय खेल में या संबंधित आयु वर्ग में राष्ट्रीय खेल संध द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय खेल संध द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित अंतर क्षेत्रिय प्रतियोगिता में या राष्ट्रीय खेल संध द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित फेड़रेशन कप में या ऑल इंड़िया स्कूल गेम्स फेड़रेशन प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय, स्थान प्राप्त किया हो या प्रदेश खेल संध द्वारा संबंधित आयु वर्ग में वर्ष में एक बार आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय खेल संध द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य कि ओर से प्रतिनिधित्व किया हो। सीधी भर्ती के पश्चात् स्थान रिक्त होने पर प्रतियोगिता के आयोजन/ चयन ट्रायल्स द्वारा भर्ती कि जावेगी। टीम इवेंट के लिए प्रतियोगिता/चयन ट्रायल्स:- अन्तर शिक्षा जिला प्रतियोगिता में, पब्लिक स्कूल/ सी0बी0एस0सी0/के0वी0एस0/ एन0वी0एसत्र/पायका आदि प्रतियोगिता में प्रथम दो स्थान प्राप्त किए हुए हो, वे ही खिलाड़ी चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होगें, जो कि भा0ख0प्रा0 के0के0/एस0टी0सी0/एस0ए0जी0 द्वारा आयोजित कि जावेगी।

## मंहत तुलसीदास साहेब सें आशीर्वाद लिया प्रत्याशी पायल वैष्णव जनपद प्रत्याशी तुकज साहू पूर्व मंडी सदस्य

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम भोथीपार कला तीन दिवसीय कबीर सत्संग 29 जनवरी से 31 जनवरी को मंहत



तुलसीदास साहेब जी ग्राम कोसमंदा जिला कबीरधाम से आशीर्वाद लेने श्रीमती मघुबाला अंगेशवर देशमुख जिला पंचायत प्रत्याशी राजनांदगांव रोशनी योगेन्द्र वैष्णव जनपद प्रत्याशी पायल वैष्णव जनपद प्रत्याशी तुकज साहू पूर्व मंडी सदस्य ने कबीर साहेब सत्संग श्रवण किया तथा चौंका आरती शामिल हुआ आयोजक पुहुप दास साहू सचिव धर्मदास साहू कोषाध्यक्ष रामाधार साहू संरक्षक नंदलाल साहू महंत घनश्याम दास साहू तोरण जीवन महेश्वर रूप दास सहित कबीर साहेब समिति ग्रामवासियों उपस्थित रहा।

## नेहरू नगर राजनांदगाव निवासी श्री धनीराम श्रीवास जी के निधन के पश्चात परिवार द्वारा उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन लोगों को नेत्र ज्योति मिलेगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री धनीराम श्रीवास जी के देव लोकगमन पश्चात उनके पुत्र गजेंद्र श्रीवास से हमारी संस्था नवदृष्टि फाउंडेशन राजनांदगाव के सदस्यो ने संपर्क किया और नेत्रदान की मंशा जाहिर की श्रीमती लता देवी(धर्मपत्नी), श्रीमती सावित्री श्रीवास(पुत्रवधु), श्रीमती रागिनी सेन- जीतेन्द्र सेन(पुत्री-दामाद), श्रीमती सविता ठाकुर- विनोद ठाकुर(पुत्री- दामाद), श्रीमती डाली उमरे- संजय उमरे(पुत्री- दामाद) एवं समस्त परिवार की सहमति से नेत्रदान करवाया ! राजनांदगाव जिला अस्पताल की टीम से डॉ गीतांजलि शर्मा, डॉ शगुफ्ता अमीन, डॉ शुभांगी, डॉ प्रियंका, डॉ रवि एवं नेत्र सहायक संजीव यादव ने नेत्रदान को संपूर्ण किया नेत्रदान के वक्त नव दृष्टि फाउंडेशन से तरुण आढ़तिया, फणेंद्र जैन, मनीष साहिता, शैलेश गणात्रा एवं दिव्या बेन नगदिया मौजूद रहे और सम्पूर्ण प्रक्रिया को पूरा करने में अपना सहयोग दिया यह हमारे नव दृष्टि फाउंडेशन का 135वाँ नेत्रदान है जिससे अब तक 270 लोगों को आंखों की रोशनी प्राप्त हुई है श्री धनीराम श्रीवास के पुत्र गजेंद्र श्रीवास ने कहा आज पिता के निधन से पूरा परिवार सदमे में है किन्तु इस कठिन परिस्थिति में परिवार ने नेत्रदान का निर्णय ले पिता के जीवन को सार्थक किया पापा हमेशा हमें प्रेरणा देते रहेंगेशैलेश गणात्रा ने कहा कि हमारी संस्था नवदृष्टि फाउंडेशन के प्रयास से लगातार नेत्रदान हो रहे हैं और अब दुर्ग और राजनांदगाव में नेत्रदान होना संस्था के सदस्यों के मनोबल को बढ़ाएगा धीरे धीरे नवदृष्टि फाउंडेशन की मुहीम पुरे छत्तीसगढ़ में फ़ैल रही है जिसके भविष्य में सुखद परिणाम आएँगेनवदृष्टि फाउंडेशन के फणेंद्र जैन ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान , त्वचादान हेतु सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान या त्वचादान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है तो हमारी संस्था के सदस्यों से सहयोग ले सकता है या 9827111887/9827877900 इन नंबर पर फ़ोन कर मार्गदर्शन ले सकता है नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से शैलेश गणात्रा,तरुण आढ़तिया, फणेन्द्र जैन, दिव्या नगदीया, मनीष साहिता,अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,मंगल अग्रवाल,किरण भंडारी,रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत,सुरेश जैन,राजेश पारख,पियूष मालवीय,विकास जायसवाल,मुकेश राठी,प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ ,सपन जैन ,यतीन्द्र चावड़ा , बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख,दीपक बंसल ,मोहित अग्रवाल,चेतन जैन,दयाराम टांक ने श्री धनीराम श्रीवास को श्रद्धांजलि दी व श्रीवास परिवार को साधुवाद दिया।

## आज बसंत पंचमी एवं खंडेलवाल दिवस पर विविध आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल ने बताया कि राजनांदगांव खंडेलवाल समाज द्वारा आज बसंत पंचमी एवं खंडेलवाल दिवस महोत्सव मनाया जा रहा है इस उपलक्ष में आज 2 फरवरी 2025 रविवार प्रात: 8:00 बजे केसर नगर स्थित खंडेलवाल समाज कुलभूषण संत शिरोमणि 1008 सुंदरदास जी महाराज जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन समाज द्वारा कर खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है । बाइक रैली का प्रारंभ संत सुंदर दास मार्ग केसर नगर होते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए संत सुंदर दास धाम महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पहुंचेगी ।दोपहर 12:00 से संध्या 4:00 बजे तक खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । संध्या 6:30 से बसंत पंचमी खंडेलवाल दिवस का मुख्य समारोह संत सुंदर दास धाम महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में प्रारंभ होगा सर्वप्रथम भगवान गणपति विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं खंडेलवाल समाज रत्न संत सुंदर दास जी महाराज का पूजन अर्चन खंडेलवाल वैश्य समाज द्वारा किया जाएगा 70 वर्ष से अधिक आयु के समाज जनों का सम्मान किया जाएगा । विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार का वितरण होगा । तत्पश्चात समाज बंधुओ के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया है । समस्त खंडेलवाल समाज बंधुओ से सह परिवार उपस्थित होकर आयोजन में सहभागिता की अपील की गई है । उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल ने दी।

## धर्म समाचार....

# रथ सप्तमी पर कर लें ये उपाय, यश में होगी अपार वृद्धि






रथ सप्तमी का पर्व बेहद शुभ और पावन माना गया है। यह पर्व माघ महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। यह दिन सूर्य देव को समर्पित है। कहते हैं कि रथ सप्तमी पर सूर्य देव की उपासना करने से भक्तों के सभी कष्टों का अंत होता है। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है।

रथ सप्तमी का दिन बहुत विशेष माना जाता है। इसे माघ सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। यह पर्व माघ महीने के शुक्ल पक्ष के सातवें दिन पड़ता है। इस दिन साधक उपवास रखते हैं और उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन सूर्य देव की पूजा करने से पापों का नाश होता है और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्ताओं के अनुसार, यह दिन भगवान सूर्य के जन्मदिन का प्रतीक है, तो चलिए इस दिन से जुड़े कुछ आसान उपाय जानते हैं, जिससे जीवन की भय-बाधाओं का नाश किया जा सके।

**भोर में अर्घ्य दें** - रथ सप्तमी के दिन भगवान सूर्य देव को अर्घ्य जरूर देना चाहिए। इसलिए सुबह जल्दी उठें और प्रात:काल नहाकर उगते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं। अर्घ्य तांबे के लोटे से ही दें। जल में लाल चन्दन, चावल, लाल फूल और कुश आदि चीजें डालें। इसके बाद सूर्य देव के वैदिक मंत्रों का जाप करें। इससे अपार धन और यश की प्राप्ति होगी। साथ ही भगवान सूर्य की कृपा मिलेगी।

करें ये दान करें -सप्तमी तिथि पर सूर्य देव की विधिपूर्वक पूजा करें। हो सके तो उपवास रखें। इसके अलावा तांबे का बर्तन, लाल वस्त्र, गेहूं, गुड़, माणिक्य, लाल चंदन, गर्म कपड़े और लाल रंग की चीजें आदि का दान करें। इस उपाय को करने से कुंडली में सूर्य के दोष दूर हो जाते हैं। इसके साथ ही परिवार में खुशहाली आती है।

**पूजा मंत्र**

ऊँ आदित्याय विदमहे प्रभाकराय धीमहितन्न: सूर्य प्रचोदयात।।

ऊँ सप्ततुरंगाय विद्महे सहस्त्रकिरणाय धीमहि तन्नो रवि: प्रचोदयात।।

रथ सप्तमी डेट और शुभ मुहूर्त -

हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरुआत 04 फरवरी को सुबह 04 बजकर 37 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन 05 फरवरी को देर रात 02 बजकर 30 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का महत्व है। इसी वजह से 04 फरवरी को रथ सप्तमी मनाई जाएगी। इस दिन स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 23 मिनट से लेकर 07 बजकर 08 मिनट तक रहेगा।

## किचन में ये गलतियां कर सकती हैं मां लक्ष्मी को नाराज, जरूर रखें ध्यान



वास्तु शास्त्र असल में घर में पॉजिटिव एनर्जी का फ्लो बनाए रखने और नेगेटिव एनर्जी को दूर बनाए रखने में मदद करता है। घर के सभी स्थानों की तरह की रसोई में भी वास्तु के नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। आज हम आपको किचन से संबंधित कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका ध्यान न रखने पर मां लक्ष्मी आपसे नाराज हो सकती हैं। किचन भी घर का ही एक जरूरी हिस्सा है, जिसमें वास्तु नियमों की अनदेखी बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए, वरना इससे आपको भारी वास्तु दोष का सामना करना पड़ सकता है, जिस कारण जीवन में कई तरह की समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि आप अपनी रसोई में किन बातों का ध्यान रख सकते हैं।

**भूलकर भी न करें ये गलतियां**- रसोई में साफ-सफाई का खासतौर से ख्याल रखें, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि लक्ष्मी जी केवल वहीं निवास करती हैं, जहां साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। हिंदू धर्म में रसोई एक पवित्र जगह मानी जाती है, ऐसे में कभी भी जूते-चप्पल पहनकर रसोई घर में प्रवेश न करें। इसी के साथ कोशिश करें कि आप नहाने के बाद ही रसोई में प्रवेश करें। अगर आप इस सभी बातों का ध्यान रखते हैं, तो इससे मां अन्नपूर्णा के साथ-साथ आपको लक्ष्मी जी का भी आशीर्वाद मिलता है।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**- रात में कभी भी खाना खाने के बाद जूठे बर्तन नहीं छोड़ने चाहिए। यह मां लक्ष्मी की नाराजगी का कारण बन सकता है। जिससे जातक को धन संबंधी समस्याएं भी झेलनी पड़ सकती है। इसी के साथ अगर आपके घर में या रसोई में कोई नल टपक रहा हो, तो उसे तुरंत ठीक कराएं, क्योंकि यह दुर्भाग्य लेकर आता है।

nandgaon times feb-02-5.qxd 2/1/2025 11:34 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शहर को फिर से उसके गौरवशाली इतिहास से जोड़ा जायेगा : मधुसूदन यादव





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव कल निगम क्षेत्र के ग्रामीण वार्डो का सघन जनसम्पर्क कर अनेक स्थानों पर नागरिक समूहों को संबोधित किया, वे निगम क्षेत्र के सुदुर शिवनाथ वार्ड हल्दी से अपना अभियान प्रारंभ करते हुये सिंगदई, मोहड़, मोहारा, नंदई के दोनो वार्डों तक पहुंचे। इस दौरान श्री यादव ने जोर देकर कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के मूल-मंत्र च्व्हमने बनाया है हम ही सवारेंगेज्ज् की तर्ज पर राजनांदगांव को सुंदर, स्वच्छ व शानदार शहर बनाने की चुनौती है। वे जनता जनार्दन, केन्द्र की मोदी सरकार, राज्य की विष्णुदेव सरकार तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह जी के सहयोग से शहर को नई दिशा देने वाली तमाम विकास की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करके दिखायेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री यादव ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में शहर विकास के सारे कीर्तिमान जो मुख्यमंत्री रहते हुये डॉ. रमन सिंह ने स्थापित किये थे और उसे पूरा करने वाले थे उस पर कांग्रेस सरकार ने नस्तर लगा दिया। वे गौरवपथ स्थित अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जिसमें डॉ. रमन सिंह की सरकार ने एस्ट्रोटर्फ जैसी गौरवशाली सुविधा देकर पूरे देश में हॉकी की नर्सरी कही जाने वाली संस्कारधानी का मान बढ़ाया था, एक नई पहचान दी थी, किन्तु यह दुर्भाग्यजनक है कि विकास के इस सोपान को भी बद् से बद्तर कर दिया गया। एस्ट्रोटर्फ के सरंक्षण एवं उसके रखरखाव को तत्कालिन कांग्रेस सरकार ने बदहाल स्थिति में ला दिया, अब हालात यह है कि वहॉ कोई हॉकी की प्रतियोगिता करना संभव नहीं रहा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की पहचान दिग्विजय स्टेडियम को बर्बाद करने में कोई कसर नही छोड़ी, जिस स्टेडियम के सामने कभी शहर के लोग सेल्फी लेकर अपने आप को गौरवशाली महसूस करते थे वहॉ का बिजली बिल भी तत्कालिन सरकार ने नहीं भरा और पूरे स्टेडियम को पॉच सालों तक अंधेरे में डूबोकर रख दिया। ऐसी ही दुर्दशा शहर के अन्य स्थानों की है। श्री यादव ने जोर देकर कहा कि अब राजनांदगांव को फिर से नये सिरे से सजाने, संवारने उसे खूबसूरत बनाने, पेयजल, सड़क, साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरूस्त करने का समय आ गया है। जहॉ भाजपा शासनकाल में विकास कार्यो की वजह से राजनांदगांव का भूगोल बदल गया था, वही पिछली कांग्रेसी सरकार ने विकास को लेकर पूरे कार्यकाल के दौरान निष्क्रिय रहे, इसी का परिणाम है कि आज न तो शहर की सड़के चलने लायक बची है और न ही साफ-सफाई की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था हो सकी है। नगर निगम के चुनाव 11 फरवरी को संपन्न हो रहे है इस दिन हम सब कमल फूल छाप का बटन दबाकर विकास के नये दौर में प्रवेश करे, मेरी आप सबसे यही विनती है। इस दौरान वार्ड नं. 51 के पार्षद प्रत्याशी चन्द्रकृत साहू, वार्ड नं. 50 के पार्षद प्रत्याशी अरुण देवांगन, वार्ड नं. 49 के पार्षद प्रत्याशी शिव निषाद, वार्ड नं. 47 के पार्षद प्रत्याशी आलोक श्रोती, वार्ड नं. 48 के पार्षद प्रत्याशी अरुण साहू एवं वार्ड नं. 40 के पार्षद प्रत्याशी केवरा विजय राय के साथ ही अजीत जैन, राजेंद्र जैन बंटू, जसराज राठौर, गोलू गुप्ता, हकीम खान, सुमीत श्रीवास्तव, मनोज निर्वाणी, हरीश शर्मा, पूरण ठाकुर, अशोक देवांगन, डिम्पल श्रीवास, सुनील साहू, दुरपत निषाद, सतानंद साहू, भुखन सोनकर, सुरेश यादव, शंकर श्रीवास, राहुल मानिकपुरी, श्यामसुंदर प्रजापति, पवन देवांगन, छोटेलाल साहू, उत्तम निषाद, नोहर साहू सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## महापौर प्रत्याशी संदीप शुक्ले का जनसंपर्क कार्यक्रम



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रामनगर वार्ड नं.7 में जनता के बीच पहुंचकर भव्य स्वागत के बीच जनसंपर्क प्रारंभ हुआ। निर्दलीय महापौर प्रत्याशी संदीप शुक्ले का चुनाव चिन्ह सीसीटीवी कैमरा छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई। सभी जनसमर्थक मिलकर जनता से जनसंपर्क में जोर शोर से लोगों के बीच अपनी उपस्थिति भारी संख्या में जनसंपर्क चल रहा है। जिससे नगरवासी में उत्साह का माहौल व्याप्त है।

## भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन ने घरों में झंडे बांधे



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने आज पार्टी के प्रदेशव्यापी अभियान घर-घर भारतीय जनता पार्टी का झण्डा की शुरुआत की। श्री यादव स्वयं चिखली वार्ड के कई घरों में इस अभियान के अन्तर्गत पार्टी के झण्डों को लगाये। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह अभियान पूरे नगर निगम क्षेत्र के सभी 51 वार्डो में पार्टी प्रत्याशी ने भी हर-घर झण्डा अभियान को सफल बनाया।

## रमेश पटेल मधुसूदन यादव के मुख्य चुनाव अभिकर्ता




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल को चुनावी कार्यो का महत्वपूर्ण दायित्व देते हुये उन्हें अपना मुख्य चुनाव अभिकर्ता नियुक्त किया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इसी प्रकार आयकर अधिवक्ता संजय लोहिया को भी व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

## वार्ड नंबर 26 की प्रत्याशी झमित नादान सेन एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादवजी के लिए वार्ड में डोर टू डोर जनसंपर्क



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनसंपर्क के दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश बागड़ी शक्ति केंद्र के संयोजक दामू भूतड़ा ,ललित भंसाली, विष्णु अग्रवाल ,योगेश खत्री ,राहुल अग्रवाल ,अभिषेक सेन, चिराग महेश्वरी एवं अन्य वार्ड वासी उपस्थित थे।

## बजट सिर्फ छलावा : हेमा देशमुख



बजट सिर्फ छलावा है गरीब वर्ग के लिए किसानों के लिए युवाओं के लिए रोजगार के लिए कुछ भी इस बजट में नहीं किया गया है महंगाई कम करने की कोई भी कोशिश नहीं की गई है इलेक्ट्रॉनिक सामानों में रेट बढ़ा इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी गई है जिससे इसका उपयोग लाने वाले सामान महंगे हो गए हैं पेट्रोल डीजल के भाव में किसी भी प्रकार की कमी नहीं लाई गई 2 करोड़ रोजगार पैदा करने की बात कही थी आज 11 साल में किसी भी प्रकार के रोजगार उपलब्ध नहीं कराए गए हैं उद्योग चरमरा गए हैं पीएम आवास के नाम पर धोखा दिया जा रहा है नियम को कड़े कर दिए गए हैं भाजपा सरकार अपने कार्यकाल में अब तक कोई भी बड़ी उपलब्धी नहीं दे पाई।

## अचार सहिता में चुनाव कराने में अधिकारी व्यस्त इधर रेत तस्कर नदी की सीना चीरकर निकल रहे रेत

### तस्कर रेत को छुपा कर रखे हुए



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के चंदेनी में रेत तस्कारो का बोलबाला है यह तस्कर दिनदाहड़े नदी से रेत निकाल रहे है। लेकिन खनिज विभाग के जिम्मेदारो की कान में जूं तक नही रेंग रही है। यूपी-बिहार के तर्ज पर नदी से रेत निकाल रहे है। आरोप यह भी लग रहा है कि इन्हे बढ़ावा देने में खनिज विभाग और जिला प्रशासन की अहम भूमिका है।

केसीजी खनिज विभाग अपनी सुस्ती और लपारवाही के कारण जिले में प्रसिद्ध है। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खनिज विभाग को रेत, मुरूम, चुना पत्थर की अवैध सप्लाई की जानकारी देने पर भी मौके पर नही पहुंचते और न ही कार्यवाही करते है। यदि कोई रसुखदार या बड़ा रेत तस्कर अपने स्वार्थ के लिए सूचना देता है तो विभाग छोटे लोगों पर कार्रवाही कर विभाग वाहवाही लुटता है।

चंदेनी के ग्रामीणो के मुताबिक ग्राम पंचायत के सरक्षण में कुछ चुनिंदा व्यक्तियो के द्वारा रेत की तस्करी की जाती है। इन लोगो के द्वारा ग्राम के आम बगीचा और खेत जाने वाले रास्ते में हजारो घन मीटर रेत निकालकर रखे है। कुछ ग्रामीणो द्वारा अन्य प्रदेश से पाडे समुदाय को रोजी में लाकर ईट भट्टे संचालित किया जा रहा है। उनके लिए भी रेत और अवैध लकड़ी की सप्लाई ग्राम के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है।

**तस्कर शासन को लाखो रूपए राजस्व का पहुचा रहा नुकसान फिर भी कार्यवाही नही**

अधिकारी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव कराने में व्यस्त है और तस्करो नदी से रेत निकालने में चुनाव पर व्यस्त है। नदी से रेत निकालकर तस्कर लाखो रूपए कमा रहे है और शासन को हजारो रूपए राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है। चंदेनी, जुनवानी अन्य नदी के पास लगे गांव में रेत की सप्लाई धड़ल्ले से निकाले है। ग्रामीणो के मुतबिक इन रेतो का उपयोग ईट बनाने व मकान बनाने में किया जाता है।

**नदी से ट्रेक्टर निकालते है रेत**

ग्रामीणो के मुताबिक रेत तस्कर सुबह 4 बजे से 8 बजे तक मजदूरो के माध्यम से नदी में टेऊक्टर व छोटा माजदा पर रेत भरकर निकालते है और इस रेत को आम के बगीचे और अन्य गोपनीय जगह जहां पर अधिकारी की नजर न पडे ऐसे स्थान पर रखते है। उसके बाद ग्राहक के आर्डर के हिसाब से धीरे-धीरे सप्लाई करते है।

**गांव में तस्कारो का खौप इतना**



**नाम बालने से डरते है ग्रामीण**

ग्रामीणो को बगीचे और अन्य जगह पर रखे रेत के स्टाक के बारे में पूछने पर ग्रामीण नाम बताने से डरते है। एक व्यक्ति ने नाम नही बताने के शर्त पर बताया की रेत तस्करो की अगर शिकायत की जाए तो और रेत तस्करा को पता चल जाए तो दुश्मनी करके मारपीट करने पर उतर आते है। इस वजह से कोई व्यक्ति शिकायत नही करता है। आज तक कोई भी अधिकारी निरीक्षण करने तक नही आया है। नदी में ट्रेक्टर के चक्के के निशान बता रहे की रेत तस्करी तो होती है। लेकिन अधिकारी मानते ही नही हैं और सबुत मागते है जबकि रेत स्टाक और नदी में चक्को के निशान इसके सबूत है।

> आपके माध्यम से रेत तस्करी की शिकायत मिली है जल्द ही जाकर निरीक्षण कर उचित कार्रवाई किया जाएगा।
> **- बबलू पांडे, खनिज निरीक्षक जिला केसीजी**

## कैलाश धाम मंदिर समिति द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कैलाश धाम मंदिर समिति द्वारा पटरी पार क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह चीखली मंड़ई के दौरान आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही।इस आयोजन के दौरान रंग छत्तीसा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य प्रदर्शन किया गया, जिसे कैलाश धाम मंदिर समिति के द्वारा आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के तहत खिलाड़ियों को नि:शुल्क खेल सामग्री और आकर्षक उपहार भेंट किए गए, जिससे खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी, खेलो इंडिया के कोच शकील अहमद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की हॉकी कोच आरती शेंडे को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हाल ही में संपन्न हुई राज्य महिला हॉकी प्रतियोगिता में अपने करियर के पहले ही टूर्नामेंट में विजेता बनीं पटरी पार क्षेत्र की होनहार खिलाड़ी चांदनी मरकाम, एकता राजपूत और जान्हवी मेश्राम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने पटरी पार क्षेत्र के बच्चों को संगठित करने, उन्हें शिक्षा, अनुशासन और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी एवं इसके मार्गदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह क्षेत्र जल्द ही जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में अपनी पहचान बनाएगा। कैलाश धाम मंदिर समिति, चीखली-शांति नगर द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह और रंग छत्तीसा सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नीरज कन्नौजे के नेतृत्व में चार वार्डो में धुआंधार प्रचार

## काली माई की पूजा कर निखिल ने की चुनाव प्रचार की धमाकेदार शुरुआत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम चुनाव में महापौर पद के कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने खैरागढ़ रोड ओवर ब्रिज के नीचे काली माई मंदिर में पूजा अर्चना कर चुनाव प्रचार अभियान की धमाकेदार शुरुआत कर दी है। उन्होंने पूर्व महापौर हेमा देशमुख के वार्ड क्रमांक 5 चिखली से शीतला मंदिर देशमुख होटल प्यारेलाल चौक गली नंबर 2 तथा वार्ड नंबर 10 होते हुए वार्ड क्रमांक 6 पहुंचे वहां से गौरा चौक पंप से शंकरपुर वार्ड नंबर 9 बजरंग चौक शारदा चौक द्वारका गली होते हुए चुनाव कार्यालय में प्रचार प्रसार का समापन किया। निखिल द्विवेदी का प्रचार प्रसार आज 1 फरवरी को भी शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सघन रूप से किया जा रहा है। वार्डों में भ्रमण के दौरान उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है तथा उन्हें जनता खूब लाइक कर रही है। स्थान स्थान पर उनके स्वागत सत्कार किया जा रहा है साथ ही उनके प्रचार प्रसार के दौरान वार्डों के समर्थक भी बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं जिनमें युवा महिलाएं बुजुर्ग तो है ही बच्चे भी उत्साह के साथ निखिल भैया जिंदाबाद के नारे लगाने से नहीं चुक रहे हैं।



निखिल द्विवेदी के सघन प्रचार प्रसार में लगे शहर कांग्रेस दक्षिण मोर्चा के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने बताया कि निखिल द्विवेदी को मिल रहे भारी जन समर्थन से यह पूरा विश्वास हो गया है कि महापौर का पुराना चेहरा ना लाकर निगम में नया चेहरा जनता लाना चाहती है। वहीं कांग्रेस के 5 साल के शासनकाल में हुए कार्यों से जनता खुश है और कांग्रेस की सत्ता नगर निगम में दोबारा लौटना चाहती है। श्री कन्नौज ने आगे कहा कि राज्य की सत्ता सीन भाजपा की चिंता बढ़ी हुई है क्योंकि विधानसभा चुनाव के समय किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पा रही है। विशेष तौर से हजारों की संख्या में किसान समर्थन दर की राशि एक मुस्त नहीं मिलने से तथा पिछला बोनस नहीं मिलने से नाराज है वही महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित महिलाएं भी भाजपा से ना खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र का नगर निगम होकर भी राजनांदगांव की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है श्री कन्नौजे ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के विकास के लिए समुचित ध्यान नहीं दिया है जिसकी वजह से इस शहर का पिछड़ापन बरकरार है। महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी के प्रचार प्रसार में उनके साथ मुख्य रूप से निवर्तमान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, महामंत्री नीरज कन्नौजे, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली, प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, मानव देशमुख, अमित चंद्रवंशी शाहिद बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com